प्रतिभागियों को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम नीति, संभावनाएँ और पुनरावलोकन, व्यवहार्य उद्यमों की पहचान, परियोजना की व्यवहार्यता (तकनीकी, वित्तीय और बाजार) तथा परियोजना रिपोर्ट की तैयारी और प्रस्तुतिकरण के बारे में भी जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को क्षेत्र के अनुभव के लिए बाजार सर्वेक्षण करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को फील्ड विजिट के लिए एसोशिएशन ऑफ लेडी एंट्रेप्रेन्युअर्स ऑफ आंध्र प्रदेश (अलीप) की महिला उद्यमियों के सहयोग से स्थापित सूक्ष्म उद्यमों के दौरे पर ले जाया गया। जिसमें उन्हें प्राचीन जीवन शैली के अवलोकन, प्राकृतिक उत्पाद विनिर्माण इकाई, फैब्रिकेशन इकाई और लेदर बैग विनिर्माण इकाई का दौरा कराया गया। इस यात्रा से प्रतिभागियों को सत्रों के दौरान सैद्धांतिक पहलुओं के बारे में दी गई जानकारी के आधार पर व्यावहारिक स्थितियों का अवलोकन करने का अवसर मिला। प्रतिभागियों ने इस दौरे के अंतर्गत हैदराबाद के राजेंद्र नगर में राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान स्थित ग्रामीण प्रौद्योगिकी पार्क (आरटीपी) का भी अवलोकन किया। प्रतिभायों ने बेहतर ढंग से स्थापित सूक्ष्म उदयमों के विभिन्न पहलुओं का अवलोकन किया।

कार्यक्रम के दौरान अपना उद्यम शुरू करने और बनाए रखने के लिए अतिरिक्त ज्ञान प्राप्त करने के इच्छुक प्रतिभागियों को प्रधान मंत्री रोज़गार गारंटी योजना विभिन्न योजनाओं यानी (पीएमईजीपी), मुद्रा बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार उपलब्ध अवसरों और भावी उद्यमियों के लिए सहायता जैसे आवश्यक पहलुओं की जानकारी प्रदान की गई।

सभी प्रतिभागियों ने कार्यक्रम के साथ ही संचालित तकनीकी सत्रों से प्राप्त जानकारी और विषय विशेषज्ञों द्वारा उनके सवालों पर दिये गये स्पष्टीकरण की सराहना की। उन्होंने सदस्य संकायों के साथ ही **निम्समे** की सुविधाओं की भी सराहना की।

विभिन्न विशेषताओं पर बहुमूल्य सुझाव देने के अलावा, प्रतिभागियों ने कार्यक्रमों को लगातार अंतराल पर आयोजित किया जाना चाहिए।

समापन समारोह में उद्यम प्रबंधन स्कूल के संकाय सदस्य डॉ. दिब्येन्दु चौधरी उपस्थित थे। उन्होंने कार्यक्रम के प्रतिभागियों के साथ बातचीत की। सभी प्रतिभागियों ने कार्यक्रम के बारे में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को सूचना के उपलब्ध स्रोतों का पूरा उपयोग कर समय-समय पर अपना ज्ञान उन्नत करने की आदत पैदा विकसित करने का सुझाव दिया। उन्होंने जिला उद्योग केंद्रों की ओर से प्रतिनियुक्त अधिकारियों से कार्यक्रम में प्राप्त ज्ञान का उपयोग करने और अपने संबंधित कामकाज में उसका उपयोग करने का आग्रह कियाय़। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से आग्रह किया कि उन्हें प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्राप्त ज्ञान को अमल में लाना चाहिए और उद्यमियों को संबंधित कार्यक्षेत्रों में उद्यमों की स्थापना के लिए प्रोत्साहित करके अपनी व्यावसायिकता में सुधार करना चाहिए।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वरोजगार संबंधी विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ ही उद्यमों की स्थापना और उनके प्रबंधन की में आने वाली चुनौतियों से निपटने में मदद करता है ।
उन्होंने देश के आर्थिक विकास में कृषि के बाद एमएसएमई क्षेत्र दूसरे नंबर पर है। उन्होंने एमएसएमई के विकास और संवर्धन के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा शुरू की गई योजनाओं पर प्रकाश डाला।

उद्यम प्रबंधन स्कूल के संकाय सदस्य और कार्यक्रम निर्देशक डॉ दिब्येन्दु चौधरी द्वारा कार्यक्रम के सफल समापन पर प्रतिभागियों को कार्यक्रम सहभागिता प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

3.1.10 एमएसएमई के लिए ई-वेस्ट मैनेजमेंट और रीसाइक्लिंग विकल्प

निम्समे के उद्यम विकास स्कूल द्वारा संस्थान परिसर में "सूक्ष्म, लघु और मधयम उद्यमों लिए ई-वेस्ट मैनेजमेंट एण्ड रीसाइक्लिंग विकल्प" विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 18-20 सितंबर 2020 के दौरान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम निर्देशक श्री जे. कोटेश्वर राव ने कहा कि इस कार्यक्रम में ऐसे 8 प्रतिभागी हैं, जो भिन्न-भिन्न ओहदों को संभाल रहे हैं। इनमें से कुछ महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, हरियाणा, गुजरात और तेलंगाना राज्यों से संबंधित हैं।

चित्र 3.11: सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए ई-वेस्ट मैनेजमेंट और रीसाइक्लिंग विकल्प

कार्यक्रम में ई-कचरे की घातकता, उसके समुचित प्रबंधन की आवश्यकता और उसके विकल्पों की जानकारी दी गई, जिसे जमीनी स्तर पर लागू किया जा सकता है। साथ ही उपचार प्रौद्योगिकियों, उनके विकास की संभावनाओं और भारत में इस तरह की तकनीकियों को बढ़ावा देने के लिए उपलब्ध वित्तीय तंत्रों के समुचित उपयोग की आवश्यकता पर ज़ोर दिया गया। इसके अतिरिक्त ग्रीन हाउस गैसों का उपयोग कम करने के लिए स्थानीय सरकारों के पास उपलब्ध विभिन्न साधनों का उपयोग करने की आवश्यकता भी जताई गई।

इस कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर सत्रों का संचालन करने के साथ ही प्रतिभागियों के साथ चर्चा के लिए प्रख्यात विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया था। इनमें टीएसपीसीबी-हैदराबाद के सेवानिवृत्त वरिष्ठ वैज्ञानिक (पर्यावरण) डॉ. पी. वीरन्ना भी शामिल थे, जिन्होंने नियामक ढाँचे और अनुपालन की आवश्यकताओं के बारे में प्रतिभागियों को संबोधित किया। श्री वाई. वी. मल्लिकार्जुन रेड्डी, सीईओ, प्रथम एनविरोटेक सोल्यूशन्स, गच्चीबौली, हैदराबाद ने "रीसाइक्लिंग ई-वेस्ट : प्रथाएँ और चुनौतियाँ", जर्मनी के एक अनुभव मामले का अध्ययन' विषय पर सत्र लिया। जबकि ई-सेंटर फॉर मैटेरियल्स फॉर इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी (सी-मेट), आईडीए फेज-2, चेर्लापल्ली, हैदराबाद ने चिरस्थाई उत्पाद रूपरेखा, ई-कचरे के पुनर्चक्रण के लिए प्रक्रिया का विकास और मानक प्रक्रिया के विकास पर प्रकाश डाला।

इस कार्यक्रम के समापन समारोह का आयोजन 20 सितंबर को किया गया, जिसमें पाठ्यक्रम सफलता के साथ पूरा करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

3.1.11 पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन (ई.आई.ए.) में वर्तमान आवश्यकता पर कार्यक्रम

निम्समे के उद्‌यम विकास स्कूल द्‌वारा पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन आकलन (ईआईए)- प्रक्रियाओं और प्रणालियों (पर्यावरण और वन मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार) में वर्तमान आवश्यकताएँ विषय पर 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन संस्थान परिसर में 25-27 सितम्बर 2019 के दौरान किया गया।

उल्लेखनीय है कि ईआईए एक औपचारिक अध्ययन प्रक्रिया है, जिसका उपयोग प्रस्तावित परियोजनाओं का लागत और लाभ के साथ ही पर्यावरण संबंधी खतरों की भविष्यवाणी करने और निर्णयकर्ताओं की सहायता करने के लिए किया जाता है। इस कार्यक्रम में कुल 25 अधिकारियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्‌घाटन फोकस-5 के मेंटर और चेयरमैन तथा हैदराबाद के एक प्रतिष्ठित ऊर्जा लेखा परीक्षक थिरू टी.एम. वेंकटेशन ने किया। उन्होंने पर्यावरण और वन मंत्रालय की प्रक्रिया के अनुसार परियोजनाओं की मंजूरी में पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) तथा रिपोर्टों के महत्व पर प्रकाश डाला।

चित्र 3.12: पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन में वर्तमान आवश्यकता पर कार्यक्रम

कार्यक्रम निर्देशक श्री जे. कोटेश्वर राव ने प्रतिभागियों को कार्यक्रम के विवरण, विषय, पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन की विधियों, तदर्थ विधियों, मैट्रिक्स विधियों, नेटवर्क विधि ,पर्यावरण मीडिया गुणवत्ता सूचकांक विधि, ओवरले पद्धति एवं लागत तथा लाभ विश्लेषण के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम का समापन 27 सितंबर को औपचारिक समापन समारोह में किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने कार्यक्रम के बारे में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की और इसे बहुत अच्छा बताया। उन्होंने इस आयोजन के लिए **निम्समे** के प्रति आभार भी व्यक्त किये । उन्होंने वादा आश्वासन दिया कि इस कार्यक्रम में प्राप्त कौशल और ज्ञान का उपोग वे अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में अवश्य करेंगे। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पूर्ति संबंधी प्रमाण-पत्र प्रदान करने के साथ हुआ।

चित्र 3.13: पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन में वर्तमान आवश्यकता पर आयोजित कार्यक्रम का समापन

3.1.12 सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकियों और अनुप्रयोगों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

निम्समे द्वारा नेशनल एससी/ एसटी हब योजना के तहत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति उद्यमियों/इंजीनियरों, कार्यकारियों एवं अक्षय ऊर्जा पेशेवरों के लिए सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकी तथा उसके अनुप्रयोगों के बारे में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हैदराबाद के बेगमपेट स्थित सुरभि इंस्टीट्यूट ऑफ रिन्यूएबल एनर्जी (एसआईआरई) के मुख्य सलाहकार कर्नल डॉ. टी. एस. सुरेंद्र ने किया। अवसर पर संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिजली की बढ़ती माँग से जीवाश्म ईंधनों की खपत काफी बढ़ गई है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव पर्यावरण पर पड़ रहा है। इस प्रतिकूल प्रभाव से बचने के लिए ऊर्जा का कुशल उपयोग करने के साथ ही इसके संरक्षण का महत्व सर्वोपरि है। उन्होंने इस कार्यकम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से समाज के लिए लाभदायक सिद्ध होते हैं साथ ही छोटे उद्योगों को ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा कुशल बनने में भी मदद करते हैं। इससे स्थानीय लोगों के जीवन का स्तर बेहतर होने के साथ ही उनकी आर्थिक स्थिति भी मज़बूत होती उन्हबोंने कहा कि सौर ऊर्जा न केवल जीवाश्म ईंधन की खपत को कम करती है, बल्कि बिजली की

आवश्यकताओं की पूर्ति करने के हमारे प्रयासों को भी बल देती है। उन्होंने ज़मीनी स्तर पर सौर ऊर्जा को संग्रहित कर उसका व्यापक रूप से विस्तार करने फोटोवोल्टिक सेल के महत्व के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम निर्देशक श्री जे. कोटेश्वर राव ने नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों में उपलब्ध अपार संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खास तौर पर सौर ऊर्जा, बायोमास और पवन ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में संभावनाएँ काफी अधिक हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम खास तौर पर विकासशील देशों के लिए सीमित ऊर्जा संसाधनों और ग्रामीण विद्युतीकरण की आवश्यकता की पूर्ति करने के लिए आवश्यक रणनीतियाँ बनाने में लाभदायक सिद्ध होगा। इसके बाद उन्होंने प्रतिभागियों को कार्यक्रम की रूपरेखा और उसके उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी।

निम्समे के संकाय के अलावा दो विषय विशेषज्ञों क्रमशः श्री एन. रामचंदर, एसोसिएट प्रोफेसर, बीवीआरआईटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, नरसापुर, हैदराबाद और श्री अशोक कुमार, वरिष्ठ सलाहकार, एल.बी. नगर को भारत सरकार द्वारा अमल में लायी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही सौर ऊर्जा के लिए फोटोवोल्टिक सेल की स्थापना के लिए नियामक ढाँचे और अनुपालन आवश्यकताओं के साथ ही नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के दिशा-निर्देशों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए आमंत्रित किया गया था।

चित्र 3.14: सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकियों और अनुप्रयोगों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

सभी प्रतिभागियों को फील्ड विजिट के रूप में राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम-तकनीकी सेवा केंद्र, कमला नगर, ईसीआईएल, हैदराबाद में स्थित सौर प्रौद्योगिकी पार्क में ले जाया गया। इस कार्यक्रम का समापन समारोह 25 अक्टूबर को आयोजित किया गया, जिसमें श्री वाई. नागेश कुमार, सहायक महा-प्रबंधक-एसएमई डिवीजन, आंध्रा बैंक, आंचलिक कार्यालय, हैदराबाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के साथ **निम्समे** के उद्यम विकास स्कूल के संकाय सदस्य श्री के. सूर्यप्रकाश गौड़ ने सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए।

3.1.13 केरल सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य के औद्योगिक विस्तार अधिकारियों को इंडक्शन प्रशिक्षण। निम्समे के उद्यम विकास स्कूल (एसईडी) द्वारा केरल सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य निदेशालय द्वारा प्रायोजित औद्योगिक विस्तार अधिकारियों के लिए सूक्ष्मस लघु और मध्यम उद्यम संवर्धन पर चार सप्ताह के अधिष्ठापना (इंडक्शन) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में केरल सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य निदेशालय के 30 औद्योगिक विस्तार अधिकारियों ने भाग लिया।

चित्र 3.15: केरल सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के औद्योगिक विस्तार अधिकारियों का अधिष्ठापना प्रशिक्षण

इस कार्यक्रम में उद्यम विकास स्कूल के सदस्य संकायों के श्री जे. कोटेश्वर राव और श्री के. सूर्यप्रकाश गौड़ ने 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला और उत्पादकता में गुणवत्ता की अपरिहार्यता पर भी ज़ोर दिया।

उद्यम विकास स्कूल के सहायक संकाय सदस्य और कार्यक्रम निर्देशक श्री जे. कोटेश्वर राव ने कार्यक्रम के उद्देश्यों और विषय-वस्तु के बारे में जानकारी दी। उन्होंने देश में मुद्रा योजना, प्रधान मंत्री रोज़गार गारंटी योजना, गरीबी उन्मूलन के साथ ही रोज़गार सृजन कार्यक्रमों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम नीतियों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए उपलब्ध योजनाओं, बैंकों के दिशा-निर्देशों, परियोजना रिपोर्ट की तैयारी, तकनीकी, विपणन और वित्तीय व्यवहार्यताओं, परियोजना व्यवहार्यताओं, वित्तीय पहलुओं, और विकासक्षम सूक्ष्म उद्यमों की पहचान के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं को बाजार का अनुसंधान करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया।

संस्थान के सदस्य संकायों के अलावा अतिथि संकाय को भी आमंत्रित किया गया था। इनमें ग्लोबल एग्जिम इंस्टीट्यूट से श्री वी.बी.एस. कोटेश्वर राव, श्री बी. साई सुधाकर राव और निम्समे के पूर्व संकाय श्री पी. उदय शंकर के अतिरिक्त फोकस-5, हैदराबाद के मिस्टर टी. एम. वेंकटेशन, कृष पर्सनेलिटी डेवलपमेंट के फैसिलेटर श्री एस. राधाकृष्णा तथा सेवा निवृत्त बैंक प्रबंधक श्री बी.एन.वी. पारथसारथी आदि शामिल थे। प्रतिभागी दल के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान (एनआईआरडी) राजेंद्र नगर, हैदराबाद,

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी (आईआईसीटी उप्पल क्षेत्र में स्थित ग्रामीण प्रौद्योगिकी पार्क और आदिबाटला ग्राम स्थित विशेष आर्थिक क्षेत्र में स्थापित एयरोस्पेस और प्रिसिजन इंजीनियरिंग पार्क के अतिरिक्त फैब सिटी में स्थित माइक्रो मैक्स मोबाइल फोन विनिर्माण इकाई आदि के एक्सपोजर विजिट का भी प्रबंध किया गया। इन सूक्ष्म इकाइयों के दौरे का उद्देश्य प्रतिभागियों को विभिन्न उद्यमों के उत्पादन और संचालन में प्राथमिक अंतर्दृष्टि प्रदान करना था।

3.1.14 सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए ई-कचरा प्रबंधन और पुनर्चक्रण विकल्प

राष्ट्रीय एससी/एसटी हब योजना के तहत **निम्समे** परिसर में 18-20 दिसंबर 2019 के दौरान सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए ई-कचरा प्रबंधन और पुनर्चक्रण विकल्प पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्यों से अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जन जाति के कुल 26 नवोदित तथा प्रत्याशित उद्यमियों ने भाग लिया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन उद्यम विकास स्कूल (एसईडी) के संकाय सदस्य श्री के. सूर्यप्रकाश गौड़ ने किया। अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण इस कार्यक्रम का उद्देश्य एक ऐसी प्रणाली को बढावा देना है, जिससे कचरे का निपटान लाभदायक हो सके। प्रतिभागियों से प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया और हितधारकों और अपशिष्ट प्रबंधन एजेंसियों से कचरे के निपटान में उनके व्यावहारिक अनुभवों के बारे में सुझाव प्रस्तुत करने को कहा।

श्री जे. कोटेश्वर राव सह-संकाय सदस्य, उद्यम विकास स्कूल (एसईटी) ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए प्रतिभागियों को कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को अपने-अपने कार्यस्थलों में पुनर्चक्रण इकाइयों (रीसाइक्लिंग यूनिटों) की स्थापना करने में सक्षम बनाना है। उन्होंने **निम्समे** की गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी देते हुए कहा कि सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यमों की पर्यावरणानुकूल पहलों से संबंधित उद्यमशीलता की गतिविधियों को बढ़ावा देने में ई-कचरा प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका है।
कार्यक्रम के विषयों में अपशिष्ट (कचरा) प्रबंधन विकल्पों की विभिन्न अवधारणाओं का स्पष्टीकरण, ऊर्जा पुरप्राप्ति, कचरे से संपत्ति की प्राप्ति और औद्योगिक क्षेत्रों में ई-वेस्ट मैनेजमेंट और रीसाइक्लिंग इकाइयों की स्थापना के लिए व्यापार के अवसर, मिश्रित कचरे का पुनर्चक्रण, ई-कचरा, प्लास्टिक, ग्लास और जहाज यार्ड अपशिष्ट रीसाइक्लिंग, जैव/मछली/खाद्य, ऑटोमोबाइल और औद्योगिक घातक कचरा परिवहन, भंडारण, निपटान सुविधाएँ (टीडीएफ) आदि शामिल थे। इस कार्यक्रम के लिए संस्थान के सदस्य संकायों के अलावा रामकी, जेटीएल और टीएसपीसीबी जैसे संगठनों के विषय विशेषज्ञों को अपना ज्ञान साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया था।

चित्र 3.16: एमएसएमई के लिए ई-वेस्ट मैनेजमेंट और रीसाइक्लिंग विकल्प

इस कार्यक्रम के समापन समारोह का आयोजन 20 दिसम्बर 2019 को किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री प्रशांत कामत, संचालन प्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, गोवा सरकार उपस्थित थे। कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागी प्रमाण-पत्र प्रदान किये गए। अवसर पर उन्होंने **निम्समे** परिसर में प्रशिक्षण के मिले अवसर के लिए आभार व्यक्त किया था।

3.1.15 औद्योगिक प्रचार गतिविधि पर उद्यमिता विकास कार्यक्रम में संकाय

जिला औद्योगिक केंद्र (डीआईसी), नलगोंडा द्वारा उदय आदित्य भवन कांफ्रेंस हॉल, जिलाधिकारी कार्यालय, नालगोंडा में 23 दिसंबर 2019 को औद्योगिक प्रचार गतिविधि पर आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) में **निम्समे** के उद्यम विकास स्कूल के सह-संकाय श्री कोटेश्वर राव ने भाग लिया। इस अवसर पर श्री राव ने सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के लिए आवश्यक अनिवार्यताओं का अनुपालन तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन सुविधाओं का लाभ उठाकर अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में उद्यमों की स्थापना की जा सकती है। उन्होंने प्रधानमंत्री रोज़गार गारंटी योजना (पीएमईजीपी) के दिशा-निर्देशों के बारे में जानकारी देने के साथ ही सफलता की कहानियाँ/ केस स्टडीज़ आदि परदर्शित कर विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम में में जिले के लगभग 200 नवोदित और प्रत्याशित उद्यमियों ने भाग लिया।

3.1.16 राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्डों की एक दिवसीय कार्यशाला समीक्षा बैठक

निम्समे परिसर में 25 फरवरी 2020 को राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्डों की एक दिवसीय कार्यशाला-सह-समीक्षा बैठक का आयोजन नए प्रशिक्षण भवन के ऊपरी मंजिल पर सभागृह में किया गया। इस अवसर पर बोर्ड के साथ पंजीकृत विनिर्माण इकाइयों के उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला का प्रदर्शन इसी भवन के भूतल में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारम्परिक तरीके से दीप प्रज्जवलित कर किया गया, जो सभी दिशाओं में ज्ञान के अखंड प्रसार का परिचायक होता है। इस कार्यक्रम में खादी और ग्रामोद्योग आयोग तथा राज्य बोर्ड के प्रमुख लोगों ने हिस्सा लिया, जिसमें बोर्ड के कामकाज की समीक्षा की गई।

इस अवसर पर पैनल में खादी और ग्रामोद्योग आयोग के चार वरिष्ठ अधिकारियों सहित आठ अधिकारी शामिल थे। इनमें श्री विनाई कुमार सक्सेना, अध्यक्ष; सुश्री प्रीता वर्मा, आई.पी.एस. एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी; श्रीमती उषा सुरेश अय्यर, आई.ई.एस. एवं वित्तीय सलाहकार तथा श्री वाई. के. बारामतीकर, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी शामिल थे।

समारोह में श्री वाई. के. बारामतीकर ने कहा कि ग्रामीणों को आर्थिक लाभ दिलाने वाली गतिविधियों के अवसर उपलब्ध कराने के लिए केवीआईसी द्वारा कई योजनाएँ चलाई जा रही हैं। आयोग के राज्य बोर्ड सभी जिलों और ब्लॉक स्तर पर योजनाओं को लागू करने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के संबंध में बोर्डों की सीमा और पहुँच तथा उनकी सफलता की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण, कौशल विकास, विपणन और क्षमता निर्माण के मामले में बोर्डों द्वारा की जा रही पहल से गतिविधियों का धीरे-धीरे विस्तार हो रहा है। जबकि स्फूर्ति योजना के कार्यान्वयन के माध्यम से बोर्डों द्वारा क्लस्टर विकास के लिए कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में भी भूमिका अदा की जा रही है। इसी क्रम में वर्ष 2020-21 के दौरान खादी और ग्रामोद्योगों के लिए बेहतर रोड मैप भी तैयार किया जाएगा।

कार्यक्रम के अंतर्गत चाय-पान का अवकाश दिया गया और आधे घंटे के बाद फिर से सत्र की शुरुआत हुई।

चाय-पान के बाद के सत्र को केवीआईसी के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी आर. एस. पाण्डेय ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि खादी से ग्रामीणों तथा अन्य लोगों को रोज़गार प्राप्त होता है। उन्होंने रोज़गार मॉडल के तहत 12500 अवसरों का सृजन करने तथा व्यवसाय साझेदार के रूप में बाहरी लोगों के चयन की जानकारी दी। यह भी कही कि प्रारंभिक चरण में राज्य स्तर पर देशभर के पचास गाँवों को चिह्नित किया गया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में सिर्फ खादी संस्थाएँ सक्रिय हैं। क्लस्टर मॉडल में चयनित गाँवों में कारीगरों को 200 करघे और 500 चरखे मुहैया किये जाएँगे। ऐसे गाँवों को 'खादी गाँव' के रूप में संबोधित किया जाएगा। उन्होंने आधारभूत सुविधाओं की कमी को एक बड़ी समस्या बताया। इसके समाधान के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा सहायता का भी आश्वासन दिया। उन्होंने 250 से अधिक करघों वाले गाँवों में खादी उद्योगों का विकास संभव बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे गाँवो में कारीगरों को 40 करोड़ तक की आर्थिक सहायता और लाभ का 25% हिस्सा भी दिया जाएगा। उन्होने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय को केवीआईसी का मुख्य साझेदार बताया। यह भी कहा कि

केवीआईसी देनंदिन संचालन गतिविधियों के तहत विपणन और कार्यशील पूँजी की सहायता प्रदान करेगा। इससे लाभान्वित खादी कारीगर अधिकतम योगदान के लिए उन्नत कौशल प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने व्यवसाय के हितधारकों का चयन और प्रमाणन महत्वपूर्ण बताते हुए शत-प्रतिशत खादी उत्पादन पर बल दिया। यह भी कहा कि केवीआईसी द्वारा बोर्डों को समर्थन दिया जाएगा। उन्होंने एसएससी के समक्ष भी कई प्रस्ताव रखे जाने की जानकारी देते हुए कहा कि जो भी योजना में सक्रिय है उसे तुरंत निधि का आवंटन किया जाएगा। हालाँकि योजना में भागीदारी समय के भीतर होनी चाहिए।

सुश्री प्रीता वर्मा ने कहा कि 200 चरखों और 50 करघों वाले गाँवों को एक बिजनेस पार्टनर के साथ रोजगार के अवसर सृजित करने का मौका मिलेगा। उन्होंने व्यवसाय साझेदार का पहले चयन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि केवीआईसी के बोर्डों पर अन्य कारोबारियों की भी आवश्यकता है। हम खादी संस्थानों के माध्यम से क्षेत्रीय स्तर पर जागरूकता अभियान और आवश्यक सुविधाओं की आपूर्ति कर रहे हैं। उन्होंने व्यवसाय के सफल संचालन में विपणन रणनीति को बड़ी चुनौती बताया। इससे निजात के लिए अन्य क्षेत्रों में विविधता लाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने खादी बोर्ड के साथ अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने पर भी बल दिया।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि खादी उत्पादों का विपणन मुख्य चुनौती है। इसके लिए विभिन्न देशों अपने उत्पादों का प्रदर्शन करना चाहिए। केवीआईसी द्वारा विपणन विकास सहायता योजना के तहत आर्थिक सहायता दी गई है। इसके लिए किसी व्यक्ति को नामित कर उसका विवरण भेजा जा सकता हैं। यदि किसी बोर्ड का कार्य अच्छा हो, तो वह प्रदर्शनी के लिए अनुरोध कर सकता हैं। इस बारे में समन्वय राज्य कार्यालयों द्वारा किया जाता है। इसका ब्योरा पोर्टल पर उपलब्ध है।

कार्यक्रम में पूछा गया कि सहभागिता के लिए क्या हम बोर्ड सूचित करता हैं? इस पर जवाब दिया गया कि कई बार मंत्रालय अल्प सूचना पर आयोजन करता है। इसलिए ऑनलाइन पोर्टल नियमित देखें। खादी की दर आकर्षक हैं, माँग अधिक है, बाज़ार भी सुनिश्चित हैं। हमें लक्ष्य की जानकारी देनी चाहिए। यह भी बताया गया कि बहुत जल्द रेलवे के साथ 200 करोड़ रुपए मूल्य की तकिए के कवर आदि की आपूर्ति के लिए अनुबंध होने की संभावना है। 2,000 से अधिक संस्थान आपूर्ति के लिए प्रमाणित किये गये हैं। हालाँकि कार्य संचालन के बाद ही स्पष्ट होगा कि आपूर्ति कितनी की जा सकती हैं। अनुबंध की अवधि तीन वर्ष की है। किसी भी संस्थान में सहभागिता के लिए 5,000 रुपये टोकन पंजीकरण शुल्क रखा गया है।
एक प्रतिनिधि ने रोज़गार युक्त गाँव (आरवाईजी) मॉडल देखने की इच्छा जताई। उसे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग से सम्पर्क करने का सुझाव दिया गया। इस पर कुछ भ्रम की स्थिति की जानकारी दी गई। बताया गया कि मध्यम प्रदेश में केवीआईसी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग

के अधीन नहीं है। यह भी बताया गया कि केवीआईसी द्वारा जारी परिपत्र बोर्डों तक पहुँचने चाहिए, जो नहीं पहुँच रहे हैं। साथ ही इन्हें एमएसएमई से भी जोड़नाचाहिए।

अवसर पर बताया गया कि सौर चरखों एक अद्भुत नवाचार है। बिहार के नारद गाँव ने इसे काफी सफल साबित किया है। एमएसएमई मंत्रालय ने रोज़गार के एक लाख अवसरों का सृजन करने के उद्देश्य से 'मिशन सोलर चरखा' शुरू किया है। हालाँकि, भारत सरकार की सभी योजनाओं का मुख्य़ लक्ष्य रोजगार सृजन है। बताया गया कि खादी उत्पादन के 50 क्लस्टरों द्वारा लगभग एक लाख लाभार्थियों को करघों, सूत कताई और रंगाई से रोज़गार उपलब्ध होगा। उन्हें सोलार ग्रिड से 50 किलोवाट बिजली, क्षमता निर्माण और छह माह की कार्यशील पूँजी जैसी सुविधाएँ भी दी जा रही हैं। अवसर पर परियोजना निगरानी इकाइयों (पीएमयू) को कार्यान्वयन पर नजर रखने और मौजूदा खादी संस्थानों को इस योजना के कार्यान्वयन का सुझाव दिया गया। बताया गया कि इसमें स्वायत्त उद्यमी भी शामिल हो सकते हैं। डीपीआर मिलने के बाद पीएमयू उसका मूल्यांकन कर सचिव को अग्रेषित करेगा, जिसके बाद अनुमोदन निधि जारी की जाएगी।

अवसर पर बताया गया कि केवीआईसी के पास खादी भारत, सर्वोदय और कुटीर जैसे खादी व्यापार चिह्न भी हैं, जो भारत के अलावा जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन में भी देखे जा सकते हैं। कई बोर्ड खादी के चिह्न का भी उपयोग करते हैं। जहाँ भी खादी का इस्तेमाल होता है, वहाँ इनका उपयोग जारी रखा जा सकता है। यदि इसमें 'खादी' शब्द के बजाए किसी अन्य शब्द इस्तेमाल किया गया, तो भी केवीआईसी को कोई आपत्ति नहीं है। बोर्डों को सलाह दी गई कि वे 'खादी' के साथ किसी भी ट्रेड मार्क को उसके पहले या बाद में जोड़कर पंजीकृत न करें। बताया गया कि पंजीकृत ट्रेडमार्क का उपयोग करने वाले बोर्डों के संबंध में नीतिगत निर्णय लिया जा रहा है। यह सुझाव दिया गया कि बोर्ड 'खादी' शब्द सहित व्यापार चिह्न पंजीकृत ना करें। उन्हें अपना ट्रेड मार्क पंजीकृत करना हो तो आयोग से सम्पर्क करें। उनकी पसंद के अनुसार ट्रेडमार्क पंजीकृत कर उन्हें आवंटित किया जाएगा। ट्रेड मार्क पर सख्त नियंत्रण की भी आवश्यकता व्यक्त की गई। जिन्होंने पहले से ट्रेडमार्क पंजीकृत किया है, उन्हें सुझाव दिया गया, कि वे उसे केवीआईसी को सौंप सकते हैं। आयोग द्वारा उसके पंजीकरण पर हुए खर्च का वहन किया जाएगा। इस बारे में एक पत्र जारी किया गया है।

सुश्री प्रीता वर्मा ने कहा कि केवीआईसी के साथ किसी भी बोर्ड के टकराव नहीं होना चाहिए। केवीआईसी ट्रेड मार्क पंजीकृत कर उन्हें आवंटित करेगा। उन्होंने एक महीने के बाद इस बारे में समीक्षा करने की बात कही।

उपस्थितों द्वारा विभिन्न प्रशन पूछे गये, जिनमें कोई भी खादी संस्था सोलर चरखे के लिए आवेदन कर सकती है। न्यूनतम आकार 200 चरखों और 100 करघे है। एसपीवी कैसे बनेगी, क्या ग्रामीण चरखों

और करघे को अपने घरों में ले जाकर वहाँ कार्य कर सकते हैं जैसे सवाल शामिल थे। इस पर बताया गया कि परियोजना को लागू करते समय सवालों के जवाब मिलेंगे। बताया गया कि विपणन और विकास सहायता (एमडीए) का लाभ सोलर चरखा योजना के लिए लागू नहीं है, क्योंकि यह एक व्यावसायिक उपकरण है। इसके लिए उद्यमियों को विपणन के अन्य माध्यमों की तलाश करनी होगी। यह पर्यावरण अनुकूल है। सौर ऊर्जा के आधार पर उत्पादित खादी और पारम्परिक खादी के बीच अंतर करना बहुत मुश्किल है क्योंकि दोनों में काफी हद तक समानता होती हैं। चूँकि सौर ऊर्जा की सहायता से उत्पादित वस्त्र को कोई सहायता नहीं मिलती, इसलिए इसके उत्पादक उसे खादी के रूप में मंजूर करवा सकते हैं, ताकि विपणन विकास सहायता (एमडीए) के लाभ के लिए दावा किया जा सके। सौर उत्पाद को खादी का चिह्न या खादी प्रमाण-पत्र नहीं दिया जाता। किसी को इस प्रक्रिया की निगरानी करना आवश्यक है, अन्यथा उत्पादक दोनों को मिलाकर लाभ उठा सकते हैं, जो अवैध है। हम सोलर चरखा उत्पादों को एमडीए नहीं देना चाहते, लेकिन हम छूट योजना बना सकते हैं ताकि उत्पादकों को अनदेखी का शिकार हुए जैसा महसूस न हो।

स्फूर्ति पारम्परिक कारीगरों को समूहों में संगठित करने की दिशा में किया गया एक प्रयास है, ताकि उन्हें सामूहिक शक्ति के माध्यम से लाभ हो सके । यह एक तीन स्तरीय हस्तक्षेप है, जिसमें एक नोडल एजेन्सी, एक तकनीकी एजेंसी और एक कार्यान्वयन एजेंसी शामिल होती है। केवीआईसी नोडल एजेन्सी है। तकनीकी एजेंसी ग्रामीण क्षेत्रों में कारीगरों के लिए कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से सहायता करती हॉ। योजना संचालन समिति शीर्ष निकाय है। कारीगरों के समुचित ज्ञान प्राप्त कर अगले स्तर तक पहुँचने की उम्मीद है। यह भी बताया गया कि कारीगरों को वह कौशल सीखने की सुविधा भी मुहैया की जाएगी, जो वे नहीं जानते। उन्हें मशीनरी और टूल किट, कच्चा माल, बैंक और प्रशिक्षण हस्तक्षेपों के साथ नवीनतम सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं।

यह भी बताया गया कि उत्पाद एक-दूसरे के पूरक होना चाहिए। कार्यान्वयन एजेंसी अपनी इच्छा के अनुसार उन्हें बंद नहीं कर सकती। यह महसूस किया जाता है कि प्रति क्लस्टर 500 कारीगर तर्कसंगत नहीं हैं। क्लस्टर में कारीगरों की संख्या 100 से 150 कारीगरों तक कम करने के लिए दिशा-निर्देशों को सरल बनाया जा रहा है। इस अवसर पर क्लस्टरों में निहित संभावना की पहचान करने का सुझाव देते हुए कहा यहा कि30 से 40 कारीगरों के छोटे क्लस्टर होने पर किसी भी प्रकार की मुश्किल नहीं होगी।
निदेशक श्री राधाकृष्णन ने शहद मधुमक्खी क्लस्टरों की सफलता के बारे में जानकारी दी। उन्होने कहा कि एमएसएमई मंत्रालय के पास टूल बनाने वाली इकाइयों की सूची है। हनी क्लस्टर में एक नया पैकेज लागू करना प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त वित्तीय पैकेज का विवरण भी उपलब्ध है। इन क्लस्टरों में हल्के तथा ठोस दोनों प्रकार के हस्तक्षेप किये जाते हैं। इस बारे में जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं। इसके बाद

शहद निकालने का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके बाद कार्यान्वयन प्रक्रिया की संक्षेप में जानकारी दी गई। यह भी कहा गया कि बेहतर परिणामों के लिए, बोर्डों को और अधिक सहयोग करना चाहिए।

इस कार्यक्रम में वर्ष 2019-20 के दौरान पीएमईजीपी का प्रदर्शन की भी जानकारी दी गई। इसमें कहा गया कि इस योजना की प्रक्रिया अब पूरी तरह से ऑनलाइन है। हमारा लक्ष्य बैंक ऋण और मार्जिन मनी संवितरण में 2018-19 की उपलब्धि को पार करना है। हमने आवंटित लक्ष्यों को पूरा कर लिया है। अतिरिक्त उपलब्धि को समायोजित किया जा सकता है। उद्यमिता विकास कार्यक्रम में कुछ हद तक बाधा महसूस की जा रही है। हर बार हमें छूट के लिए मंत्रालय से अनुरोध करना पड़ता है। उद्यमिता विकास कार्यक्रम पूरी तरह से ऑनलाइन किया जाना चाहिए ताकि लाभार्थी सामग्री डाउनलोड कर सकें, और अपने घर /कार्यालय से आवेदन कर सकें, बैंकों तक पहुँच बना सकें और अपने ग्राहकों से सम्पर्क कर सकें।
एक प्रतिनिधि के प्रश्न का जवाब देते हुए बताया गया कि सरकार को स्कूली यूनिफॉर्म के लिए खादी का उपयोग करने के लिए मनाया जा रहा है। हालाँकि यह सवाल है कि क्या खादी उत्पादक प्राप्क होने वाली माँग की पूरी तरह से पूर्ति कर पाएँगे या नहीं। संयोजक और सदस्य-सचिव के रूप में जिला उद्योग केंद्र के साथ टास्क फोर्स कमेटी है। एक प्रतिनिधि ने सवाल किया कि टास्क फोर्स समिति की क्या आवश्यकता है? हमें उनके मूल्यांकन के लिए छह सप्ताह इंतजार करना होगा । यदि इसे सीधे अग्रेषित किया जा सकता है तो इससे समय की बचत होगी । इस पर प्रतिक्रिया यह थी कि इस मामले को पहले ही विचार कर लिया गया है और संशोधन 2020-21 में हो सकता है। एक प्रतिनिधि ने एक शिकायत करते हुए कहा कि यदि उनकी उपलब्धि लक्ष्य से अधिक होती है तो टास्क फोर्स उन्हें दोष देती है। इस पर प्रतिनिधि को अपना लक्ष्य यथार्थवाद के आधार पर निर्धारित करने की सलाह दी गई।

पीएबीजीपी बैठक बेहतर रही, जिसमें उल्लेखनीय कार्य करने वालों की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया गया। यह सुझाव दिया गया कि सहभागिता प्रबंधन समय की माँग है, जिससे उच्च अस्वीकृति दर का समाधान किया जा सके।

प्रतिनिधियों के लिए भोजनावकाश की अनुमति देने के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई । एक घंटे के बाद कार्यवाही जारी रखने के लिए सदन को फिर से बुलाया गया ।

भोजन के बाद के सत्र की शुरुआत फिल्म शो के साथ हुई। इसके तहत खादी पर दो लघु फिल्में दिखाई गईं। इसके बाद राज्य बोर्डों ने अपनी प्रस्तुतियाँ दी।

पहली प्रस्तुति दक्षिणी क्षेत्र कर्नाटक राज्य की रही, जिसमें बोर्ड की उपलब्धियों और लागू की गई योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने उत्पादन/बिक्री की मात्रा के आधार पर प्रोत्साहन मजदूरी योजना लागू की। वर्तमान में यह साल में 150 दिन तक सीमित है। जल्द ही इसे संशोधित कर 300 दिन कर दिया जाएगा। बुनियादी ढांचा योजना के तहत, खादी भंडारों का नवीकरण- मेट्रो और गैर-मेट्रो दोनों की शुरुआत की गई थी। ब्याज रियायत योजना के तहत लाभार्थियों ने मूलधन का भुगतान किया, जबकि ब्याज का भुगतान सरकार की ओर से किया गया।

बीपीएल योजना में ऋण के साथ ब्याज माफ किया गया। केवल ग्रामीण इकाइयों पर लागू सीएमईजीपी ने 10 लाख रुपये तक का अनुदान प्रदान किया। सीमा अधिक होने के कारण लोग पीएमईजीपी की ओर अधिक आकर्षित होते हैं। प्रदर्शनियों और कंसोर्टियम बैंक क्रेडिट में भागीदारी अन्य योजनाएँ हैं। खादी प्लाजा का अभी आगाज़ नहीं हुआ है। कच्चे माल की उपलब्धता एक समस्या है। जीएसटी में छूट सिर्फ खादी वस्त्र पर मिलती है न कि अन्य वस्त्रों पर। ऑनलाइन सुविधा से संबंधित एक प्रश्न का जवाब दिया गया कि ऑनलाइन सिस्टम ठीक से काम नहीं कर रहा है, लेकिन टीम इस प्रक्रिया पर बारीकी से नजर रखता है और सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सुरक्षित है।

इसके बाद मध्य क्षेत्र के उत्तर प्रदेश की प्रस्तुति रही। जिसमें खास तौर पर विभिन्न खण्डों में जानकारी दी गई और मूल्य कटौती पर किये गय़े कार्य की जानकारी दी गई। बताया गया कि खादी क्षेत्र में छह लाख से अधिक लोग कार्यरत हैं, जिनसे 2,35,000 यूनिफॉर्म की माँग की पूर्ति की जा रही हैं। कुम्हारों के लिए रोजगार योजना में 25 फीसद पूंजीगत सब्सिडी दी जाती है। उन्होंने जीईएम पोर्टल के जरिए 6 हजार कंबलों का विपणन किया जा रहा है। ब्याज छूट योजना में रियायत भी लागू की जा रही हैं और प्रशिक्षण का भी प्रावधान है । बिहार और झारखंड में उन्होंने दो शोरूम स्थापित किए गए हैं।

पूर्वी क्षेत्र की प्रस्तुतियों में झारखंड आगे रहा। इस प्रस्तुति में खादी संबंधी नई पहल के बारे में जानकारी दी गई थी । झारखंड में सूती वस्त्र और सिल्क यार्न का नया उत्पादन केंद्र स्थापित किया गया है। नक्सल समस्या से ग्रस्त क्षेत्रों में ग्रामीण स्तर पर पहलों के कार्यान्वयन को प्राथमिकता दी गई है, जिसका मक्सद नक्सलवादी विचारधारा से प्रभावित लोगों को मुख्यधारा में शामिल होने में मदद करना है। इसके लिए 15 दिन के प्रशिक्षण का प्रबंध किया गया है। देवगढ़ के लोग पेपर वेट तैयार कर प्रतिदिन 250 रुपए कमा रहे हैं। दूरदराज के इलाकों में जाने वाले लोगों को बस पास की व्यवस्था की जाती है।

उत्तर पूर्वी क्षेत्र के राज्यों में त्रिपुरा ने अगली प्रस्तुति दी। केवीआईसी की ओर से भवन निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत की गई। जल्द ही वे त्रिपक्षीय समझौता कर लेंगे। उनके दावारा शहद हनी क्लस्टरों और

मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण का कार्यान्वयन किया जा रहा है। क्लस्टरों के लिए 500 सदस्यों की सीमा व्यावहारिक नहीं है, इसी कारण 200 सदस्यों की सीमा पर विचार किया जा सकता है। वे डबल मैट्रेस का उत्पादन कर रहे हैं और खादी दशमशो और खादी मंडप की गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं। इस असर पर कहा गया कि सरकारी अफसरों को सप्ताह में कम से कम एक दिनखादी जरूर पहननी चाहिए। दीक्षांत समारोह की पोशाकें खादी की होनी चाहिए। सर्वोत्तम प्रथाओं का पालन करना उनका उद्देश्य है।

अगली प्रस्तुति उत्तरी क्षेत्र के राजस्थान की रही। जिसके बोर्ड की स्थापना 1955 में हुई थी। प्रस्तुति में इसके संगठनात्मक संरचना के बारे में जानकारी दी गई। यह भी बताया गया कि लाघु खादी विकास योजना लागू की। जिला स्तरीय प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया। उन्होंने डिजाइन युक्त परिधानों के लिए एक फैशन शो का भी आयोजन किये जाने की जानकारी दी। यह भी बताया कि वे अपनी उत्पादित सामग्री को रंगाई-पुताई के लिए गुजरात भेजते हैं। इसके परिणाम काफी उत्साहजनक रहे है। 2 अक्टूबर से वे 35 प्रतिशत छूट प्रदान कर रहे हैं। बोर्ड द्वारा तीन प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की गई हैं, जिनमें जयपुर में पुश्कर और आबू शामिल हैं। हालाँकि भर्ती उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती है। उन्हें मुख्य रूप से केवीआईसी की योजनाओं के अंतर्गत निधि के आवंटन और जीएसटी की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बीकानेर में एक खादी प्लाजा बनाने की योजना बनाई जा रही है। खादी ब्राण्डिंग, बार कोडिंग और कंप्यूटर के इस्तेमाल पर विचार किया जा रहा है।

पश्चिम क्षेत्र की ओर से गुजरात ने अगली प्रस्तुति दी गई। वहाँ पर राज्य बोर्ड की स्थापना 1960 में हुई थी। इस बोर्ड द्वारा विपणन विकास सहायता के रूप में 15% और कारीगरों के लिए 5% सहायता प्रदान की जा रही हैं । इस क्षेत्र में खासतौर पर खादी सूती, ऊनी और पॉसिस्टर के वस्त्रों का उत्पादन किया जा रहा है। सौर करघों के लिए अनुदान दिया जा रहा है। इसके तहत कारीगरों द्वारा 35% जबकि शेष राशि सरकार द्वारा वहन की जा रही है। बोर्ड द्वारा सौ करघों को स्वीकृती प्रदान की गई हैं। बोर्ड द्वारा खादी उत्सव प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। वर्तमान में लेन-देन ऑफ़लाइन हैं, लेकिन जितनी जल्दी हो सके ऑनलाइन जाने की कोशिश की जा रही है।

सत्र के अंत में तेलंगाना खादी बोर्ड के प्रमुख ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि खादी एक ऐसा व्यापक विषय है, जो हमें पृथ्वी और प्रकृति से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि जिला उद्योग केंद्रों द्वारा 60% रियायत दी जाती है, जबकि केवीआईसी द्वारा ग्रामीण इलाकों में मात्र 35% रियायत दी जाती है, जिससे इसके प्रति आकर्षण काफी कम होता है। इसी कारण इसे बढ़ाकर 45 फीसदी तक किया जाना चाहिए। जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति द्वारा इस बारे में प्रस्ताव बोर्ड को भेजा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म और मध्यम उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएसएमई) का कोई लाभ नहीं है क्योंकि बैंकरों द्वारा परेशान किये जाने की काफी संभावना है। महाविद्यालय के भवन पुराने हैं और

लोगों के सुरक्षित आवास के लिए अनुपयुक्त हैं। उइनके पुनर्निर्माण के लिए बीस करोड़ रुपए की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमारे पास भूमि की कमी नहीं है। हम सार्वजनिक औपर निजी भागीदारी के आधार पर विभिन्न सुविधाओं का विकसित कर सकते हैं। पीएमईजीपी के तहत शहरी क्षेत्रों में भी अनुमति दी जानी चाहिए। जबकि ग्राम विकास के अंतर्गत हर्बल टूरिज्म, जैविक खेती और सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित किया जा रहा है। हमें उम्मीद है कि आयोग द्वारा हमारी जरूरतों क शीघ्र पूर्ति की जाएगी।

सुश्री प्रीता वर्मा ने अपने संबोधन में दिन भर के कामकाज की संक्षेप में जानकारी दी। उन्होंने महसूस किया कि एक लम्बे अंतराल के बाद इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक मंच पर सभी बोर्ड और केवीआईसी होना उन्होंने संतोषजनक बताया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य रोजगार के अवसरों का अधिक से अधिक सृजन करना है।इसी तरह के सहयोग के लिए तत्पर हैं आयोग। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के बीच की खाईदूर करने के लिए दिशा-निर्देशों में संशोधनों की सिफारिश की जाती है। उन्होंने कहा कि संचार का अंतर नहीं होना चाहिए, जानकारी पूरी होनी चाहिए। बेहतर समन्वय की प्राप्ति हो सकती है। उन्होंने क्षेत्रीय स्तर पर फिर से बैठक करने की भी उम्मीद जताई।

केवीआईसी के अध्यक्ष विनय कुमार सक्सेना ने समापन अवसर पर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केवीआईसी और बोर्ड एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। हालाँकि, समय के दौर में बोर्ड छोटे रह गए और केलवीआईसी का विस्तार अधिक हो गया। उन्होंने कहा कि हम निश्चित रूप से क्षेत्रीय समूहों का निर्माण करेंगे। क्यों कि छोटे समूहों के साथ बातचीत बहुत आसान और बेहतर होती है। हाल ही में पूर्वोत्तर क्षेत्र में इस तरह का आयोजन किया था। हमारी योजनाओं को लोगों के बीच अच्छी तरह से परिचित होना चाहिए। “हनी मिशन” बड़ी संभावनाओं के साथ एक अच्छा कार्यक्रम है। यह निरक्षरों को आजीविका के अवसर प्रदान करता है। उनकी आय का विस्तार होता है। जम्मू-कश्मीर में यह भारी सफलत साबित हुई। रेलवे द्वारा 450 स्टेशनों में कुल्हडों (मिट्टी के कप) का उपयोग किया जाता है। अर्ध सैनिक दलों में केवल खादी का इस्तेमाल करने का प्रावधान किया जा रहा है। लोगों को खादी वस्त्र के उत्पादन और खरीदारी के लिए प्रोत्साहित करना आवश्यक है। हम सरकार को इस बारे में प्राप्त समर्थन के लिए जितना धन्यवाद दे उतना कम है। वर्तमान सरकार खासकर खादी को उचित सम्मान दे रही है। ग्रामोद्योगों के उत्पादों की माँग भी बढ़ रही है। हमें मात्र गुणवत्ता सुनिश्चित करना आवश्यक है और स्वीकार्य गुणवत्ता के अनुसार उत्पादन ज़रूरी हैं। रेलवे ने खादी को सौ फीसदी आपूर्तिकर्ता के रूप में पैनल में शामिल किया है। इसलिए विपणन सुनिश्चित हो गया है। हमें अपने उत्पाद की गुणवत्ता बनाए रखनी होगी। उन्होंने सपना खादी को अंतर्रष्ट्रीय स्तर तक ले जाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि कई ऐसे पहलू है, जिन पर विचार साझा किये जा सकते हैं। इसके लिए हम फिर एक बार बैठक करेंगे। खादी को सर्वोच्च शिखर पर पहुँचाकर सफल बनाएँगे।
डॉ ग्रीप द्वारा किये गये धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।

3.1.17 अपशिष्ट प्रबंधन के परिप्रेक्ष्य

चित्र 3.17: अपशिष्ट प्रबंधन के परिप्रेक्ष्य

लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र में औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 27-28 फरवरी 2020 को किया गया। यह कार्यशाला तेलंगाना राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (टीएसपीसीबी), हैदराबाद द्वारा प्रायोजित थी। इसका आयोजन राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम सस्थान **(निम्समे)** यूसुफगुडा, हैदराबाद के उद्यम विकास स्कूल (एसईडी) द्वारा किया गया।

इस दो दिवसीय कार्यशाला में खास तौर पर विशिष्ट औद्योगिक उत्सर्जनशमन उपशमन के लिए उद्योगों, नगर पालिकाओं और नियामक प्राधिकरणों सहित विभिन्न हितधारकों को उपयुक्त जानकारी दी गई। इससे विवरण इन क्षेत्रों में नियंत्रण रणनीतियों का कार्यान्वयन और मजबूत करना संभव हो जाएगा। इस समस्या का कारण जनता में जागरूकता की कमी है। जबकि अपशिष्ट फैलाने वाले उद्योगों को उपचार, निपटान उपकरणों आदि का उपयोग करनाआवश्यकता है। इस कार्यशाला का उद्घाटन हैदराबाद के गच्ची बौली स्थित रामकी एनविरो इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रमुख (तकनीकी) डॉ. के. श्रीनिवास ने किया। कार्यशाला के निर्देशक श्री जे. कोटेश्वर राव, सह-संकाय सदस्य, उद्यम विकास स्कूल (एसईडी) ने कार्यशाला की रूपरेखा और विषय के बारे में संक्षेप में जानकारी दी गई।

चित्र 3.18: अपशिष्ट प्रबंधन के परिप्रेक्ष्य

उद्घाटन समारोह के बाद मुख्य अतिथि डॉ के श्रीनिवास, प्रमुख (तकनीकी), रामकी एनविरो इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड, गच्ची बौली, हैदराबाद ने मुख्य भाषण दिया। उन्होंने औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन में उन्नत प्रौद्योगिकियों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य औद्योगिक घातक कचरे के स्रोत, औद्योगिक अपशिष्ट संग्रह, अपशिष्ट का प्रबंधन, भंडारण, परिवहन, प्रसंस्करण और निपटान जैसे विभिन्न प्रबंधन मुद्दों पर हितधारकों को जागरूक करना है।

3.2 उद्यम प्रबंधन स्कूल (एसईएम)

3.2.1 जीएसटी पर कार्यक्रम

निम्समे के जीएसटी प्रकोष्ठ की ओर से संस्थान परिसर में दो कार्यक्रमों का आयोजन अप्रैल 2019 में किया। इसके अंतर्गत सू.ल.म. उद्यमों पर जीएसटी के निहितार्थ पर एक कार्यशाला तथा एक प्रमाणन प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल था। दोनों का निर्देशन संस्थान की संसाय सदस्या डॉ. ई. विजया ने किया।

3.2.2 सू.ल.म. उद्यमों पर जीएसटी के निहितार्थ पर कार्यशाला

सू.ल.म. उद्यमों पर जीएसटी के निहितार्थ विषय पर इस कार्यशाला का आयोजन इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) के सहयोग से 16 अप्रैल 2019 को किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, वित्तीय संस्थानों, निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों और सरकार को एक साझा मंच पर लाना था। जिससे हितधारकों को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र की स्थिरता के लिए परिवर्तनकारी परिवर्तनों की कल्पना और विचार-विमर्श करने में मदद मिल सके।

चित्र 3.19: एमएसएमई पर जीएसटी के निहितार्थ पर कार्यशाला

3.2.3 जीएसटी पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

जीएसटी पर प्रमाणन प्रशिक्षण कार्यक्रम का तीन दिवसीय आयोजन 22-24 अप्रैल के दौरान किया गया। इस आयोजन में शामिल प्रशिक्षु की विभिन्न गतिविधियों की धाराओं से संबंधित थे। इनमें खास तौर पर सरकारी अधिकारी, उद्यमी, कर-सलाहकार और लेखाकार शामिल थे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जीएसटी कानून और कर अनुपालन के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था, जिससे वे उद्यमों और व्यक्तियों को नए कानून के तहत रिटर्न दाखिल करने में सहायता कर सकेंगे और युवाओं को बाजार में रोज़गार के व्यापक अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रासंगिक कौशल प्रदान करना था।

चित्र 3.20: जीएसटी पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

इस आयोजन के अंतर्गत जीएसटी अधिनियम, स्थान और आपूर्ति का समय, इनपुट टैक्स क्रेडिट, पंजीकरण प्रक्रिया की व्यावहारिक समझ, चालान, आरसीएम, रिटर्न भरने की विधि, भुगतान और रिफंड जैसे पहलुओं केबारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सत्रों का संचालन **निम्समे** के संकाय, जीएसटी विशेषज्ञों, जीएसटी विभाग के अधिकारियों और टैली विशेषज्ञों द्वारा दी गई । समापन सत्र को संबहोधित करते हुए श्री संदीप भटनागर, निदेशक, विपणन और व्यापार विकास, **निम्समे** ने सभी प्रतिभागियों को अपने संगठनों में जीएसटी के अनुपालन और कार्यान्वयन के बाद का अपनी प्रकतिक्रिया भेजने का आग्रह किया। उन्होंने अनुपालन के दौरान महसूस होने वाली समस्याओं को सुलझाने के लिए **निम्समे** जीएसटी प्रकोष्ठ की सेवाओं का उपयोग करने का भी आग्रह किया।

3.2.4 जीएसटी : मेल-जोल, लेखांकन और वार्षिक रिटर्न

निम्समे के जीएसटी प्रकोष्ठ की ओर से 19 मई 2019 को जीएसटी : मेल-जोल, लेखांकन और वार्षिक रिटर्न विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस आयोजन में उद्यमियों के साथ ही व्यावसायिकों, पेशेवरों, कर-सलाहकारों और वेतनभोगी कर्मचारियों को के साथ कुल 63 प्रतिभागियों ने भाग लिया । कार्यक्रम का निर्देशन **निम्समे** की संकाय सदस्य डॉ. ई. विजया ने किया।

चित्र 3.21: जीएसटी ऑडिट

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जीएसटी के विवादित मुद्दों पर अंतर्दृष्टि और व्यावहारिक मुद्दों पर चर्चा करते के साथ ही वार्षिक रिटर्न दाखिल करने के लिए चेक सूची के साथ विचार-विमर्श करना और ऑनलाइन व्यावहारिक प्रस्तुतियों के साथ वास्तविक प्रारूपों तथा टेम्पलेट्स के साथ विस्तृत विश्लेषण के बारे में प्रतिभागियों को अवगत कराना था। बहुमुखी व्यवसायी और जीएसटी विशेषज्ञ श्री एस.एन. पाणिग्रही इस कार्यक्रम में वार्षिक रिटर्न और जीएसटी ऑडिट के बारे में व्यावहारिक मुद्दों पर सत्रों का संचालन किया।

3.2.5 जीएसटी पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

निम्समे के जीएसटी प्रकोष्ठ की ओर से 29-31 जुलाई, 2019 के दौरान वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) पर तीन दिवसीय प्रमाणन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने भाग लिया, जिनमें खास तौर पर सरकारी अधिकारी, उद्यमी, कर सलाहकार और लेखाकार एवं प्रतिभागी शामिल थे।

इस अवसर पर कार्यक्रम निर्देशक एवं **निम्समे** की संकाय सदस्या डॉ. ई. विजया ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षुओं को जीएसटी कानून और कर अनुपालन के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है जिससे वे नए कानून के तहत रिटर्न दाखिल करने के लिए उद्यमों तथा अन्य लोगों का सहयोग कर सकें। इससे प्रासंगिक कौशल से लैस युवाओं को भी बाजार में रोज़गार के व्यापक अवसरों का लाभ उठाने में मदद मिलेगी ।

इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से जीएसटी कानून, आपूर्ति के स्थान और समय, इनपुट टैक्स क्रेडिट, पंजीकरण प्रक्रिया की व्यावहारिक समझ, चालान, आरसीएम, रिटर्न दाखिल करना, भुगतान और रिफंड के बारे में जानकारी पर ज़ोर दिया गया। सत्रों का संचालन **निम्समे** के सदस्य संकायों, जीएसटी विशेषज्ञों और जीएसटी विभाग के अधिकारियों और टैली विशेषज्ञों ने किया।

चित्र 3.22: जीएसटी पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

समापन सत्र के दौरान **निम्समे** के निदेशक (अकादमिक) ने प्रतिभागियों को आयोजित प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर बधाई देते हुए प्रतिभागियों को जीएसटी कर प्रणाली अनुपालन के बाद लागू होने के बाद अपने संगठनों में उसके अनुपालन के बारे में अपनी प्रतिक्रिया भेजने का सुझाव दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को टैक्स कंप्लायंस से संबंधित समस्याओं के बारे में **निम्समे** के जीएसटी प्रकोष्ठ, की सेवाओं का उपयोग करने की सलाह भी दी।

3.2.6 जीएसटी पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

निम्समे के जीएसटी प्रकोष्ठ की ओर से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) पर तीन दिवसीय प्रमाणन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 21-23 सितंबर 2019 के दौरान किया गया। इस आयोजन में सरकारी अधिकारियों, उद्यमियों, कर सलाहकारों और लेखाकारों जैसे विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभागियों ने हसा लिया।

इस अवसर पर कार्यक्रम निर्देशक और **निम्समे** की संकाय सदस्या डॉ. ई. विजया ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षुओं को जीएसटी कानून और नई कर प्रणाली के अनुपालन के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है ताकि वे नए कानून के तहत रिटर्न दाखिल करने के लिए उद्यमों और व्यक्तियों का समर्थन कर सकें और युवाओं को बाजार में रोजगार के व्यापक अवसरों से लाभ उठाने के लिए प्रासंगिक कौशल से लैस करने में भी मदद मिलेगी ।

इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से जीएसटी कानून, आपूर्ति का स्थान और समय, इनपुट टैक्स क्रेडिट, पंजीकरण प्रक्रिया की व्यावहारिक समझ, चालान, आरसीएम, रिटर्न दाखिल करना, भुगतान और रिफंड के बारे में जानकारी दी गई। सत्रों का संचालन **निम्समे** के संकाय के साथ ही जीएसटी विशेषज्ञों और जीएसटी विभाग के अधिकारियों तथा टैली विशेषज्ञों ने किया।

चित्र 3.23: जीएसटी पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

कार्यक्रम के समापन सत्र के दौरान **निम्समे** के निदेशक (अकादमिक) ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण सफलता के साथ पूरा करने पर बधाई दी उन्हें जीएसटी कर प्रणाली बाद लागू होने के बाद अपने संगठनों में उसके अनुपालन संबंधी अपनी प्रतिक्रिया भेजने का सुझाव दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को टैक्स कंप्लायंस से संबंधित समस्याओं के बारे में जीएसटी प्रकोष्ठ, **निम्समे** से सेवाओं का उपयोग करने की सलाह भी दी।

3.2.7 एनएमडीसी के कनिष्ठ अधिकारियों के लिए कार्यकारी विकास कार्यक्रम

निम्समें के उद्यम प्रबंधन स्कूल (उ.प्र. स्कूल) द्वारा एनएमडीसी के कनिष्ठ अधिकारियों के लिए दो सप्ताह के कार्यकारी विकास कार्यक्रम का आयोजन 13-25 मई 2019 के दौरान किया गया ।

इस आयोजन में एनएमडीसी के सचिवीय, वित्त, कार्मिक एवं सामग्री विभाग में कार्यरत कुल 13 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का निर्देशन उद्यम प्रबंधन स्कूल के संकाय सदस्य डॉ. दिब्येन्दु चौधरी और उद्यम प्रबंधन स्कूल की सह-संकाय सदस्या श्रीमती वी. स्वप्ना ने किया।

चित्र 3.24: एनएमडीसी के कनिष्ठ अधिकारियों के लिए कार्यक्रम

एनएमडीसी के कनिष्ठ अधिकारियों के लिए आयोजित इस अनुकूलन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन के भीतर व्यक्तिगत विकास के साथ ही चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वाह करने और प्रबंधन से संबंधित मुद्दों पर बातचीत के दौरान आवश्यक सावधानियों के बारे में उन्हें जागरूक करना था। इस जानकारी में खास तौर पर नेतृत्व कौशल, गुणवत्ता प्रबंधन, समय प्रबंधन, व्यवसाय के मूल सिद्धांत, मानव संसाधन गतिविधियों, कार्पोरेट सामाजिक उत्तर दायित्व की गतिविधियों, कार्मिक और वित्तीय पहलुओं के बारे में पूर्वाभिमुखीकरण के साथ ही उन्हें सॉफ्ट स्किल्स के बारे में प्रशिक्षण संबंधी सत्र शामिल थे ।

इस कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन 13 मई 2020 को किया गया। उद्घाटन के अवसर पर श्री संदीप तुला निदेशक (कार्मिक), श्रीमती जी रीता, उप महा प्रबंधक (मानव संसाधन विभाग) और एनएमडीसी के अन्य अधिकारी मौजूद थे। श्री तुला ने एनएमडीसी की जरूरतों के अनुसार तैयार किए गए इस कार्यकारी विकास प्रशिक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होने कहा कि इस कार्यक्रम से अपने पोषित लक्ष्यों, दूरदृष्टि और मिशन को प्राप्त करने के लिए कर्मचारियों में योग्य गुवणत्ता का सूत्रपात होगा । कार्यक्रम निर्देशक ने कार्यक्रम के उद्देश्यों के साथ विषय-वस्तु के बारे में जानकारी दी। उन्होंने तीन महत्वपूर्ण क्षमताओं को महत्वपूर्ण बताया, जिनमें प्रबंधन कौशल, सॉफ्ट स्किल्स और कार्यात्मक कौशल शामिल था। उन्होंने कहा कि यह कौशल प्रतिभागियों को सफल अधिकारी बनने में मदद करेंगे। उन्होंने एनएमडीसी के साथ **निम्समे** के मधुर संबंधों पर प्रकाश डाला। इस आयोजन में विषय से संबंधित विभिन्न सत्रों का संचालन **निम्समे** के संकाय के साथ ही एनएमडीसी के अधिकारियों ने किया।

24 मई 2020 को प्रशिक्षण के औपचारिक समापन समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता एनएमडीसी की उप महा प्रबंधक (मानव संसाधन विभाग) श्रीमती जी. रीटा और **निम्समे** के निदेशक (अकादमिक) डॉ. अश्विनी गोयल ने की। श्रीमती स्वप्ना ने उपस्थितों का स्वागत किया और दो सप्ताह के कार्यक्रम की कार्यवाही पर एक संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रशिक्षणार्थियों ने कार्यक्रम के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. अश्विनी गोयल ने प्रशिक्षुओं को सक्रिय भागीदारी के लिए बधाई दी और कार्यक्रम के संचालन में किए गए प्रयासों के लिए संकाय दल और कार्यक्रम निर्देशकों की सराहना की। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पूर्ति के बारे में प्रमाण-पत्र प्रदान करने के साथ हुआ।

25 मई 2020 को प्रशिक्षुओं द्वारा किये गये अध्ययन का मूल्यांकन करने के लिए परीक्षा आयोजित की गई। प्रत्येक प्रतिभागी ने कार्यक्रम परिणाम के बारे में अपनी प्रतिक्रिया भी व्यक्त की। कार्यक्रम को प्रतिभागियों ने बहुत अच्छा करार दिया।

3.2.8 नाइयों के कौशल उन्नयन पर सम्मेलन

एनबीसीएफडीसी और राज्य नाई संघों के सहयोग से 21 मई 2019 को **निम्समे** परिसर में नाई समुदाय के लिए प्रशिक्षण संबंधी एक राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म उद्यमी के रूप में कार्यरत छोटे सैलून मालिकों/ को उनके कौशल के स्तर को बढ़ाने के लिए इस कार्यक्रम में भाग लेकर प्रोत्साहित करना था, जिसके परिणामस्वरूप उनकी आय में वृद्धि होगी और उनके जीवन स्तर में भी सुधार होगा।

चित्र 3.25: नाइयों के कौशल उन्नयन पर सम्मेलन

निम्समे ने सभी राज्यों में इस प्रकार का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करने का प्रस्ताव रखा। प्रशिक्षण मॉड्यूल एनएसक्यूएफ पाठ्यक्रम के आधार पर तैयार किया जाता है, जिससे समूचे उद्योग क्षेत्र में गुणवत्ता को मानकों के अनुरूप बनाए रखकर इस क्षेत्र में समग्र गुणवत्ता मानक को स्थापित किया जा सकता है। इस प्रस्ताव को एनबीसीएफडीसी की ओर से बेहतर प्रतिक्रिया प्राप्त हुई, जिसके बारे में औपचारिक स्वीकृति की घोषणा सम्मेलन के माध्यम से की गई ।

इस कार्यक्र में भाग लेने के लिए शहर की वीएलसीसी अकादमी, जैम अकादमी, लोरल प्रशिक्षण अकादमी और महेश अकादमी सहित अपने अनूठे पाठ्यक्रम के लिए नगरद्वय में लोकप्रिय प्रशिक्षण अकादमियों के प्रतिनिधियों को भी चर्चाओं में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था ।

चर्चा का शुभारंभ **निम्समे** के परामर्शदाता श्री श्रीकांत महा ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालने के साथ की। अंकित भटनागर सह-संकाय सदस्य उद्यम प्रबंधन स्कूल एवं कार्यक्रम समन्वयक ने अपेक्षित परिणामों की जानकारी दी। जबकि अकादमियों के प्रतिनिधियों ने सैलून के निरंतर संचालन और ग्राहक आधार के विस्तार के लिए आवश्यक पहलुओं की जानकारी देने के साथ ही अन्य बातों का विस्तार से वर्णन किया। सॉफ्ट स्किल्स और फैशन के बदलते दौर को वरीयताओं देने पर भी उन्होंने जोर दिया।

यहाँ पर इस बात का भी उल्लेख करना समीचीन होगा कि संस्थान परिसर में इस तरह का कार्यक्रम शुरू किया गया था, जिसमें कुछ वर्ष पहले प्रतिष्ठित वेलनेस एक्सपर्ट श्री जावेद हबीब के सहयोग से काम किया गया था।

3.2.9 बौद्धिक संपदा अधिकारों पर संकाय विकास कार्यक्रम

निम्समे के बौद्धिक संपदा सुविधा केंद्र की ओर से बौद्धिक संपदा अधिकारों पर तीन दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन 27-29 मई 2019 के दौरान किया गया, जिसका निर्देशन सुश्री वी. स्वप्ना, सह-संकाय सदस्य, उद्यम प्रबंधन स्कूल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षण संस्थानों के सदस्य संकाय को आवश्यक मार्गदर्शन करना था, ताकि वे गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ हीअनुसंधान को सुगम बना सकें, शिक्षण क्षमता विकसित कर सकें और बौद्धिक संपदा अधिकार के सफल निर्माण और उपयोग की प्रक्रिया में भी मदद कर सकें। फलस्वरूप यह कार्यक्रम हमारे राष्ट्र के लिए एक अमूल्य संपत्ति के रूप में मौजूद युवाओं को शिक्षित और सशक्त बनाने के लिए संकाय को सूचना का प्रसार करने में मदद करता है।

चित्र 3.26: बौद्धिक संपदा अधिकार प्रशिक्षण

इस कार्यक्रम का समापन 29 मई को किया गया, जिसमें प्रशिक्षुओं ने कार्यक्रम के बारे में अपने विचार साझा किए। कुल मिलाकर उन्होंने इसे बहुत अच्छा आंका और संतोष व्यक्त किया।

